मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

संपादक : छोटेलाल शर्मा

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2020-2022 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY

■ वर्ष - 10 ■ अंक - 01 ■ मुंबई, सोमवार, दिनांक 19 सितंबर से 25 सितंबर 2022 ■ पृष्ठ : 4 ■ कीमत : 3 /- रुपये




# शिक्षकों की कमी झेल रहे BMC के स्कूल, 11 प्रतिशत से ज्यादा पद खाली...

**मुंबई :** बृहन्मुंबई नगर निगम यानी बीएमसी अपनी शिक्षा प्रणाली को अपग्रेड और रीब्रांड करने का दावा करती है लेकिन शहर के नागरिक स्कूल शिक्षकों की कमी का सामना कर रहे हैं. निकाय के आंकड़ों से पता चलता है कि नागरिक निकाय में शिक्षण स्टाफ के लिए 810 रिक्त पद हैं, जो कुल आवश्यकता का 11 प्रतिशत से अधिक है. मराठी-माध्यम के स्कूलों में सबसे अधिक 259 रिक्तियां हैं, इसके बाद मुंबई पब्लिक स्कूलों (एमपीएस) में 222 हैं. जुलाई में, बीएमसी ने नागरिक स्कूलों को 150 रुपये प्रति घंटे के शुल्क पर अनुबंध शिक्षकों की नियुक्ति करने के लिए कहा, और स्कूलों द्वारा उठाए गए आवश्यकताओं के अनुसार धन आवंटित किया.



**प्रति घंटा वेतन के आधार पर रखे गए थे कुछ टीचर**

बीएमसी के शिक्षा अधिकारी राजेश कंकल ने कहा कि ''नागरिक स्कूलों में शिक्षकों की रिक्ति और इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि स्थायी नियुक्तियों में समय लग सकता है, हमने जुलाई में एक परिपत्र जारी किया था जिसमें प्रधानाध्यापकों को प्रति घंटा वेतन के आधार पर अनुबंध शिक्षकों की नियुक्ति करने की अनुमति दी गई थी. हालांकि, यह सुनिश्चित करने के लिए सिर्फ एक अस्थायी समाधान था कि शिक्षकों की कमी के कारण छात्रों को नुकसान न हो. इसके अलावा, नागरिक शिक्षा विभाग ने शैक्षिक गैर सरकारी संगठनों या सरकारी और निजी सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों को स्रोत के रूप में चुना है जिनके पास अधिशेष शिक्षक हैं.

**माध्यमिक विद्यालयों से 550 अधिशेष शिक्षकों के ट्रांसफर को मिली मंजूरी**


कंकल ने कहा, ''हमने देखा कि आसान पहुंच वाले कुछ स्कूलों में कम वांछनीय क्षेत्रों की तुलना में अधिक शिक्षक हैं, जहां रिक्तियां थीं. इसलिए हमने सभी नागरिक स्कूलों में 20 प्रतिशत पदों को खाली रखने का फैसला किया, ताकि स्थान या पहुंच के कारण कुछ के पास अधिक होने के बजाय सभी के पास आवश्यक संख्या में शिक्षण कर्मचारी हों.'' बकौल मिड-डे, उन्होंने कहा कि ''हमें हाल ही में माध्यमिक विद्यालयों से 550 अधिशेष शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए स्कूल शिक्षा विभाग, मुंबई के उप निदेशक की मंजूरी मिली है. यदि वे नागरिक स्कूलों में रिक्त पदों को भरते हैं, तो हमें अनुबंधित शिक्षकों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा और समस्या का समाधान हो जाएगा.''

# राहुल गांधी को बनाया जाए कांग्रेस अध्यक्ष

## महाराष्ट्र और मुंबई कांग्रेस की बैठक में प्रस्ताव मंजूर

**मुंबई :** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को पार्टी का अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव महाराष्ट्र और मुंबई कांग्रेस ने एकमत से मंजूर किया है। सोमवार को महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनिर्वाचित प्रदेश प्रतिनिधियों की बैठक यशवंतराव चव्हाण सभागृह में आयोजित की गई। इस बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने यह प्रस्ताव पेश किया, जिसे सभी कांग्रेसी नेताओं ने मंजूरी प्रदान की। साथ ही कांग्रेस अध्यक्ष को प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी और सदस्य चुनने के अधिकार देने का प्रस्ताव भी मंजूर किया गया। इसके पहले राजस्थान और छत्तीसगढ़ की कांग्रेस इकाइयों ने भी राहुल गांधी को पार्टी अध्यक्ष बनाने के लिए प्रस्ताव पारित किया है। वाईबी चव्हाण सेंटर में हुई बैठक में प्रदेश चुनाव अधिकारी और पूर्व केंद्रीय मंत्री पल्लम राजू, प्रदेश प्रभारी एचके पाटिल, प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले, विधानमंडल में कांग्रेस पार्टी के नेता बाला साहेब थोरात, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण, पृथ्वीराज चव्हाण आदि उपस्थित थे।



















## संपादकीय

# सार्थक पहल

**लुप्त होने के बावजूद आधी सदी से भी अधिक समय तक भारतीयों के अवचेतन में मौजूद रहा चीता अब एक हकीकत बन गया है। जिसे पारिस्थितिकीय तंत्र की बहाली की दिशा में सार्थक पहल बताया जा रहा है। पर्यटकों व वन्यजीवियों के उत्साह के इतर इससे स्थानीय समुदायों के लिये आजीविका के अवसर बढ़ने की बात कही जा रही है। इस अंतर-महाद्वीपीय परियोजना को लेकर देश-दुनिया में खास चर्चा है। बहरहाल, मध्यप्रदेश के कूनो राष्ट्रीय पार्क में इन अफ्रीका से लाये गये आठ चीतों को लेकर खूब गहमागहमी है। कुछ दिन अलग रखने के बाद जब ये चीते भारतीय वातावरण के अनुकूल हो जायेंगे तो विशेष रेडियो-कॉलर लगे चीते नेशनल पार्क का हिस्सा बन जायेंगे। बताते हैं कि पांचवें दशक में चीता भारत से लुप्त हो गया था। अब इसे फिर से आबाद करने के लिये वन व पर्यावरण मंत्रालय ने महत्वाकांक्षी योजना को अंजाम दिया। लेकिन इस परियोजना को लेकर जहां उत्साह है, वहीं आशंकाएं भी कम नहीं हैं। कुछ पर्यावरणवादी कह रहे हैं कि इस प्रयास से जैव विविधता और पर्यावरण संरक्षण सेवाओं को लाभ मिलेगा। स्थानीय पर्यटन बढ़ेगा। कूनो राष्ट्रीय उद्यान में फूड चेन का जो असंतुलन हो रहा था उसमें सुधार आयेगा। वहीं एक वर्ग आशंका जता रहा है कि यह उद्यान चीतों के लिये आदर्श नहीं क्योंकि बाघ व तेंदुओं के बीच संघर्ष में चीतों को शिकार करने में बाधा पैदा होगी। निस्संदेह यह यक्ष प्रश्न बना रहेगा कि चीते खुद को भारत के वातावरण के अनुरूप सहजता से ढाल पायेंगे?**

**बहरहाल, इस कदम को जैव विविधिता के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। दुनिया ने देखा है कि भारत ने बाघों का संरक्षण करके मिसाल कायम की है। वह बात अलग है कि तस्करों व शिकारियों के हमलों से वन्य जीवों के जीवन पर संकट बरकरार है। वहीं अन्य जीवों को पर्याप्त संरक्षण नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में दूसरे महाद्वीप में बसाये जा रहे चीतों को लेकर शेष दुनिया की नजर बनी रहेगी। वहीं भारत में हर किसी की इच्छा होगी कि नामीबिया से लाये गये चीतों का कुनबा भारत में बढ़े। कोशिश करें कि राष्ट्रीय उद्यानों व अभ्यारण्यों में मानवीय हस्तक्षेप कम से कम हो।**

**हमें यह ध्यान रखना होगा कि कई दुर्लभ प्रजातियों पर अस्तित्व का संकट मंडरा रहा है। ग्लोबल वार्मिंग के संकट के दौर में देश के जनमानस को पर्यावरण व जैव विविधता के महत्व को बताना होगा और वन्य जीवों के संरक्षण के प्रति जागरूक करना होगा। उन्हें बताना पड़ेगा कि मानव अस्तित्व भी जैव विविधिता के संरक्षण से जुड़ा है। ये आने वाला वक्त बतायेगा कि ये चीते शेरों व तेंदुओं से अपना बचाव किस हद तक कर पाते हैं। निस्संदेह सरकार ने सभी पहलुओं पर विचार करके ही यह कदम उठाया होगा। जनजागरण के लिये चीता मित्रों की फौज भी एक रचनात्मक पहल ही कही जायेगी। यह सार्थक ही है कि मनमोहन सरकार के समय हुई पहल नरेंद्र मोदी सरकार के दौरान सिरे चढ़ सकी।**

# वैचारिक क्रांति के बिना सामाजिक क्रांति नहीं हो सकती - शर्मा

## 'सेन समाज का चिंतन एवं प्रशिक्षण शिविर संपन्न'

**सतना।** सेन समाज के लोगों को अपने इतिहास के बारे में जानना समझना बहुत जरूरी है। जानकारी ना होने के कारण ही सेन समाज आज भी विकास की उस मुख्यधारा से जुड़ नहीं पा रहा जिससे वह गतिशील बन सकता है।

उक्त आशय के विचार सेन समाज संगठन ऑल इंडिया महापद्मनंद कम्युनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद शर्मा नंद द्वारा सतना जिला कमेटी के तत्वाधान में रीवा रोड स्थित विंध्या मैरिज गार्डन में आयोजित चिंतन एवं प्रशिक्षण शिविर के मौके पर मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किए गए। उन्होंने कहा कि सेन समाज को विकास के रास्ते पर आगे बढ़ने के लिए अपने विचारों में परिवर्तन लाना होगा। विचारों में परिवर्तन लाने के लिए केंद्रीय शासन प्रणाली के जनक सम्राट महापद्मनंद, पाली भाषा के जनक अर्हत उपाली, अंबेडकर और तथागत बुद्ध के इतिहास को पढ़ना और समझना जरूरी है। उन्होंने वैचारिक क्रांति की बात करते हुए कहा कि वैचारिक क्रांति के बिना सामाजिक क्रांति नहीं हो सकती। श्री शर्मा का मानना है कि लक्ष्य को पाने के लिए गतिशील बनना होगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद राष्ट्रीय संगठन सचिव सतीश सेन ने कहा कि हम सब को यह समझना होगा कि अब विज्ञान का युग है और विज्ञान के युग में यह प्रतीक्षा करना बेकार है कि कोई आकर हमारा भला कर देगा। उन्होंने कहा कि बुद्ध ने अप्प दीपो भव का नारा दिया है जिस दिन यह सेन समाज बुद्ध के इस वाक्य को आत्मसात कर लेगा उसका कल्याण हो जाएगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश के अध्यक्ष बलराम सेन ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने की बात करते हुए कहा कि जब तक हम कुरीतियों की गठरी को सिर पर लादे रहेंगे तब तक विकास की बात करना बेमानी है। श्री सेन ने यह भी कहा कि शिक्षा की रोशनी को फैलाने में समाज के हर व्यक्ति का योगदान बहुत ही आवश्यक है। इसके अलावा अरुण सेन, मोहन लाल सेन बृजेश सेन, डॉक्टर निकिता सेन, बी पी सेन, जगदीश सेन, लाला राम सेन एवं कृष्णादीन सेन ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान बुजुर्गों का सम्मान करने के साथ-साथ समाज की प्रतिभाओं का भी सम्मान किया गया जिसमें शिक्षक डॉक्टर एवं छात्र शामिल रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को रीवा संभाग के अध्यक्ष शेषमणि सेन एवं संगठन सचिव नरेश सेन द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इसी प्रकार प्रदेश अध्यक्ष को जिला कमेटी के अध्यक्ष रामखेलावन सेन व सचिव एडवोकेट राकेश सेन द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। जिला अध्यक्ष रामखेलावन सेन द्वारा कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में पूर्व पार्षद महेश सेन की भूमिका सराहनीय थी।महिला शक्ति के रूप में श्रीमती गीता सेन सेन सोमवती सेन पूजा सेन रीता सेन रामवती सेन पूनम सेन सोनू सेन की मौजूदगी ने कार्यक्रम को जहां गरिमा प्रदान की वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में संतोष सेन, नितिन सेन, लल्ला सेन, ओमी सेन, राकेश खारी, स्वामीदीन सेन, नीलकंठ सेन, शुभम सेन, गोपी सेन, संपत लाल सेन, मेवा लाल सेन, रामाधार सेन, कमलेश सेन, दरबारी लाल सेन, मैयादीन सेन, सुंदर लाल सेन, कुंजबिहारी सेन, सुनील सेन, निहाल सेन, आशीष सेन, के वी सेन, महादेव सेन, दिलीप सेन, डॉ राम चरण सेन मिस्टर, मनीष सेन, रामाधार पतेरी आदि काफी संख्या में सेन समाज के लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय योगदान दिया।

# उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध रामलीला समिति में से एक है प्रचीन रामलीला समिति सीखड़

**वाराणसी,** 160 वर्ष पूर्व क्षेत्रिय राजा बाबू नवल किसोर सिंह



वाराणसी के द्वारा रामनगर वारणसी में चल रहे रामलीला की तरह ही सीखड़ प्रखण्ड के सीखड़ ग्राम में रामलील की शुरूआत की गयी॥ आरम्भ से ही प्राचीन रामलीला सीखड़ को प्रसिद्धि एवं यश प्राप्त है.

राजा साहब द्वारा शुरू की गयी 160 वर्ष पूर्व यह रामलीला आज भी उनके वंशजों द्वारा देखरेख में जिसे सीखड़ क्षेत्र सभी ग्रामवासियों ने हृदय से लगा कर संरक्षित कर रखा है यहाँ प्रत्येक ग्रामीण इसे अपनी धरोहर मानता है यहाँ का प्राचीन मेला यथावत चलता रहे इसके लिए समर्पित भी हैं. सूदूर कार्यरत ग्रामवासी एवं अन्य शहरों जैसे वाराणसी, मीरजापुर, सोनभद्र, जौनपुर, प्रयागराज से भी लोग यहाँ के सुप्रसिद्ध दशहरे एवं एकादशी को लगने वाले भरत मिलाप के मेले को देखने आते हैं अनुमानतः 50 हजार से लेकर 1 लाख की जनसंख्या की भीड़ जो शांति और सौहार्द्य पूर्ण रूप से मेले का आनंद उठाते हैं जिसे प्रशासन की सहायता भी प्राप्त रहती है.

पतित पावनी माँ जाह्नवी के सुन्दर तट पर लगने वाले 14 दिवसीय इस मेले का प्रारंभ नवरात्रि प्रतिपदा से तीन दिवस पूर्व से मुकुट पूजन से प्रारंभ होता है.

## #दोस्ती

दोस्ती का मतलब
इक भरोसा
एक आस
इक विश्वास
एक सम्बल
समस्या का हल
उस इंसान से
जिसे हम चुनते हैं
अपने जीवनपथ में
जो समझता है हमें
हमारी मजबूरियों को
और देता है हमेशा साथ
बिना किसी शर्त के
बिना किसी लोभ के
बिना किसी क्षोभ के
वो जानता है उस बात को
जो चलता है दोस्त के दिल में
लेकिन एक संकोच भी
होता है दोस्ती में
कुछ बन्धन भी होते हैं
दिल के रिश्तों के
अत्यधिक दोस्तियां
समलिंगी हीं देखी है
दोस्ती विषमलिंगी
भी हो सकती है किन्तु
ऐसे में दोस्ती से इतर
दो बातें और भी होती हैं
प्यार और आकर्षण
अमर हो सकती है ऐसी दोस्ती
यदि दोनों में हो त्याग और समर्पण
सच्चा दोस्त वो जो
बिन कहे समझ जाये
बिन मांगे जरूरत पूर्ण कर दे
कुछ अपनी कह दे
कुछ मेरी सुन ले
कुछ अपनी करा लें
कुछ मेरी कर दे किन्तु
जो नैतिक पतन से बचाये
सुख-दुख में साथ निभाये
दोस्त वो जो गम चुराने वाला हो
खुशियां बिखेरने वाला हो
दोस्त वो जो अहसान न जताये
मजाक न उड़ाए
होठों पर सदा मुस्कान लाये
जिसे याद करके खुशी मिले
जिससे बात करके खुशी मिले
जो कुछ भी न छुपाये
जो सब कुछ सच सच कह जाये
जिससे मिलने के बाद
जीने की उम्मीद बढ़ जाये
दोस्त वह
जो हर पल अपने होने का अहसास
दिलाये।
जो हरपल अपने होने का एहसास
फिलाये।।



**#अनिल शर्मा**

# प्राचीन रामलीला समिति सीखड़ में होने वाले 15 दिवशीय मेले की बैठक संपन्न हुई

**सीखड़,** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष होने वाले मेले के लिए रविवार 18 सितम्बर 2022 को जीवित्पुत्रिका के शुभ अवसर पर सीखड़ रामलीला मैदान में स्थित संतोषी माता मंदिर पर आगामी 15 दिवसीय चलने वाली रामलीला को लेकर एक आम बैठक आयोजित किया गया। बैठक में उपस्थित जनमानस के द्वारा रामलीला के लिए अधिग्रहीत भूमि को लोगों के द्वारा किए गए अवैध कब्जे से लेकर, मेला में लगने वाले लायटिंग, गुमशुदा कंट्रोल रूम, सुरक्षा व्यवस्था और मीना बाजार को लेकर सकुशल मेला सम्पन्न कराने पर विन्दुवार चर्चा की गई। बैठक में मीना बाजार के समतलीकरण बारिश के वजह से मैदान में फैला किचड़



की साफ-सफाई से लेकर विभिन्न बिंदुओं पर निर्णय लिया गया। मीटिंग में समिति के प्रबन्धक अभय शंकर चतुर्वेदी, अध्यक्ष मुकेश कुमार पाण्डेय (सौरभ) संयोजक उमेश कुमार पाण्डेय, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार पाठक, कोषाध्यक्ष योगेश्वर त्रिपाठी, कार्यकारणी सदस्य रतन पांडेय, कृष्ण कुमार उर्फ गुड्डू पांडे, मुकेश कुमार त्रिपाठी, पवन सिंह, ओमप्रकाश यादव, अशोक गुप्ता, धनेश मिश्रा, हितेश पांडेय उर्फ बब्बल, प्रभुनाथ त्रिपाठी, रत्नेश त्रिपाठी, अखिलेश त्रिपाठी, बल्ला यादव, गणेश ,गुन्नू पांडेय, रमेश सितई पांडेय , नीरज पांडेय, विरेन्द्र चौबे, शिवदत्त यादव,सन्तोष मुराली प्रजापति के साथ तन मन धन से सहयोग करने वाले गांव के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सीखड़ प्रखण्ड में विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारियों का किया गया गठन

**मिजार्पुर :** सीखड़ ,तीन दिवसीय जिला बैठक में सर्वसम्मति से सीखड़ प्रखण्ड के पदाधिकारियों का चयन किया गया. विहिप के साप्ताहिक सत्संग कार्यक्रम के अंतर्गत प्राचीन हनुमान मंदिर सीखड़ सत्संग के कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें जिले के पदाधिकारी जिला विशेष सम्पर्क प्रमुख एवं पालक अधिकारी सीखड़ प्रखण्ड आलोक शुक्ल की अध्यक्षता में सम्पन्न कराया गया. सत्संग कार्यक्रम ॐ स्वर के उच्चारण एवं गणेश वंदना एवं आरती के क्रम से हुआ. तत्पश्चात नवीन दायित्ववान पदाधिकारियों के दायित्व बोध, विहिप के विस्तार एवं विहिप के कार्यों पर चर्चा हुई जिसमें प्रमुख रुप से धर्म के प्रचार प्रसार, सत्संग, धर्मांतरण एवं लव जेहाद पर रोक आदि विषय रहे। जिसमे चुनार जिले एवं सीखड़ प्रखण्ड के पदाधिकारी जिला मिलन केन्द्र प्रमुख विनय, प्रखण्ड संरक्षक संजय मिश्र, विहिप प्रखण्ड अध्यक्ष मनोज सिंह, प्रखण्ड उपाध्यक्ष ज्ञानधर शुक्ल, सत्संग प्रमुख विनय कुमार पाठक, प्रखण्ड मंत्री दीपक तिवारी सह मंत्री अनूप सिंह, प्रखण्ड संयोजक पंकज सिंह, सेवा प्रमुख डॉ इन्द्र प्रकाश सिंह , सह संयोजक अनुराग पाठक एवं प्रतिष्ठित ग्रामवासी उपस्थित रहे.



# मुलुंड में ज्युतिया (जीवितपुत्रिका) पूजन समारोह संपन्न

**मुंबई:**–विगत 50 वर्षों से उत्तर भारतीय महिलाओं द्वारा अपने पुत्रों की दीघार्यु हेतु 'ज्युतिया (जीवितपुत्रिका) पूजन समारोह' का आयोजन स्व.राम कृपाल सिंह के प्रांगण, भानबाई निवास, म.गांधी रोड,मुलुंड प.पर किया जा रहा है।

इस वर्ष भी रविवार दिनांक 18.9.2022 को सायं 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक ज्युतिया पूजन समारोह संपन्न हुआ।यह पूजन उत्तर भारतीय महिलाओ द्वारा 24 घंटे निर्जल व्रत रख कर अपने बच्चों के उत्तम स्वास्थ्य एवम दीघार्यु हेतु किया जाता है।

सभी श्रद्धालु महिलाओं ने बडी संख्या में हिस्सा लिया।





इस अवसर पर युवा ब्रिगेड एसोसिएशन द्वारा सभी तरह की व्यवस्था प्रदान किया गया।

इस अवसर पर डॉ.बाबुलाल सिंह, डॉ.सचिन सिंह,डॉ.श्वेता सेजवल, मोहित सिंह, दयाशंकर पाल,बबना देवी सिंह,जयबाला सिंह हेमलता वर्मा,आरती सिंह, साधना सिंह,नीतु सिंह,विभा सिंह, पिंकी सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचारपत्र
कदम कदम पर
RNI No.:MAHHIN/2014/55126

संरक्षक
जे.पी.शर्मा
संपादक
छोटेलाल शर्मा
मो.:०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
अनिल शर्मा
मो.:०९८३३३२९७२१
उप संपादक
श्रीमती कंचन यादव
(फैजाबाद, यू.पी.)
हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)
राजन शर्मा (उप संपादक)
आर्थिक सलाहकार
सतीशचंद्र गुप्ता
पंकज (बबलू) यादव
प्रतिनिधि
अवनीश कुमार मिश्र
(उत्तर प्रदेश मुख्य संवाददाता)
सौरभ उमेशप्रताप सिंह
राजेश कुमार शर्मा
साज सज्जा :
संतोष तिवारी
(९७६८३६२०९१)
कानूनी सलाहकार
एड. बी. एम. शर्मा
एड. आर. आर. शर्मा
एड. भाष्करानंद द्विवेदी
(मो.: ९४५२७९१५७०)
(न्याय क्षेत्र मुंबई)
सभी पद अवैतनिक हैं।
वाट्स एप नं. : ९८३३२३५०६३
Email : kadamkadampar1@gmail.com
पत्रिका में प्रकाशित सभी आलेख और समाचार लेखकों की अपनी राय है। इससे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

# प्रधान संपादक श्रद्धेय श्री छोटेलाल शर्मा जी पितृ तीर्थ पर




**मिजार्पुर:** पितृ पक्ष के बारे में मान्यता है कि यमराज भी इन दिनों पितरों की आत्मा को मुक्त कर देते हैं ताकि 16 दिनों तक वह अपने परिजनों के बीच रहकर अन्न और जल ग्रहण कर संतुष्ट हो सकें। पितृपक्ष को श्राद्ध के नाम से भी जाना जाता है, इस दौरान पितरों का श्राद्ध और तर्पण किया जाता है। पुराणों के अनुसार मृत्यु के बाद पिंडदान करना आत्मा की मोक्ष प्राप्ति का सहज और सरल मार्ग है।

पिंडदान देश के कई स्थानों पर किया जाता है, लेकिन बिहार के गया में पिंडदान का एक अलग ही महत्व है। ऐसा माना जाता है कि गया धाम में पिंडदान करने से 108 कुल और 7 पीढ़ियों का उद्धार होता है। गया में किए गए पिंडदान का गुणगान भगवान राम ने भी किया है। कहा जाता है कि इसी जगह पर भगवान राम और माता सीता ने राजा दशरथ का पिंडदान किया था। गरुड़ पुराण के अनुसार यदि इस स्थान पर पिंडदान किया जाए तो पितरों को स्वर्ग मिलता है। स्वयं श्रीहरि भगवान विष्णु यहां पितृ देवता के रूप में मौजूद हैं, इसलिए इसे पितृ तीर्थ भी कहा जाता है। इसी अभिलाषा से मुद्रित होकर हमारे हिंदी साप्ताहिक कदम कदम पर के प्रधान संपादक श्रद्धेय श्री छोटे लाल शर्मा जी ने अपने पूर्वजों की मोक्ष प्राप्ति के लिए इस बार गया में पिंडदान करने का प्रण किया।













श्री छोटे लाल जी इस संकल्प को धार्मिक मान्यताओं के अनुसार विधि विधान से अपने पैतृक गांव में 14 से 20 सितंबर तक आठ ब्राह्मणों की देखरेख में पूजा का अनुष्ठान किया है जिसमें आठ ब्राह्मणों देव दूतों के माध्यम से विधिवत शांति पाठ और कई हजार मंत्र उच्चारण की गणना हेतु गौमुखी माला का जाप निरंतर किया जा रहा है।

कहते हैं कि कथा कल्पवृक्ष के समान है जिससे सभी इच्छाओं की पूर्ति होती है। इसी लाइन को चरितार्थ करते भक्तगण प्रतिदिन हरि स्मरण का आनंद और प्रसाद का लुफ्त उठा रहे हैं। श्री छोटेलाल जी ने सभी भक्तों के लिए प्रसाद स्वरूप मेवा, मिष्ठान, फल इत्यादि का प्रचुर मात्रा में इंतजाम किया है। अनुष्ठान समापन के तत्पश्चात प्रधान संपादक जी एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती चमेला देवी, भाई बद्री प्रसाद शर्मा, राधेकृष्ण शर्मा और परिजनों के साथ गया जी के लिए अविलंब रवाना हो जाएंगे।

उनकी इस पितृ तीर्थ से उनके पितृ पूर्वजों का उद्धार हो ऐसी हिंदी साप्ताहिक कदम कदम परिवार कामना करता हैं।

# प्रेमिका से नाराज प्रेमी ने पुलिस कंट्रोलरूम में दी बम की फर्जी सूचना हुआ

**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने बम के बारे में फर्जी फोन करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि 24 साल के आरोपी दिनेश सुतार ने मुंबई के चहल-पहल वाले झावेरी बाजार इलाके में बम के बारे में फोन करके फर्जी सूचना दी थी। जिसके बाद पुलिस ने मामले में छान-बीन करके आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी से पूछताछ में सामने आया है कि उसका अपनी प्रेमिका से विवाद हुआ था। जिसके कारण वह नाराज था।



पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी दिनेश सुतार दक्षिण मुंबई के कालबादेवी रोड का निवासी है। उसने रविवार सुबह कथित तौर पर मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में फोन करके अहमदनगर जिले के जामखेड़ में रखे बम के बारे में जानकारी दी। इसके कुछ देर बाद उसने दोबारा कंट्रोलरूम में फोन करके बताया कि जावेरी बाजार इलाके में भी एक बम रखा गया है। इसके बाद पुलिस हरकत में आई और आनन-फानन में बम निरोधक दस्ता झावेरी बाजार इलाके में पहुंचा। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सतर्कता दिखाते हुए गली को मिनटों में खाली करा लिया गया और वहां मौजूद लोगों को इलाके से दूर रहने को कहा गया।

# डा. हरिशंकर शर्मा नाई समाज सहित पिछड़ा समाज के गौरव नही रहे अपनो के बीच

कटवार, जनपद जौनपुर के शान कटवार बाजार के डॉ. हरिशंकर शर्मा पिछड़ा वर्ग नेता का दिनांक 18 सितम्बर को आकस्मिक मृत्यु की खबर सुनकर बहुत दुःख हुआ, आपकी मृत्यु मेरे लिये व्यक्तिगत हानि है! सहित पूरे पिछड़ा वर्ग का हानि हुआ है ऐसे में अनिल शर्मा मुंबई ने भाव पूर्ण श्रधांजलि दी और पूरे समाज के लोगों ने अंतिम दर्शन के लिए कटवार में भारी संख्या में लोग पहुँचे ।सभी लोगो ने दी श्रधांजली।





जयपुर राजस्थान निवासी बीजेपी राजस्थान ओबीसी सेल के प्रदेश मंत्री, राष्ट्रीय संगठन श्री नारायणी सेना के संस्थापक, राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय भाईसाहब सुनिल जी गहलोत इन्हें जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं बधाई एवं अभिनंदन। आपका सेन समाज,व सभी को अन्याय के खिलाफ सहयोग, मार्गदर्शन है, आपने हर राज्य में संगठन द्वारा पीड़ितों को न्याय दिलाया है, आपके कार्य को हरपल ऐसे ही सफलता प्राप्त हों यहीं मा नारायणी,सेन महाराज, बाबा चरण में प्रार्थना।।

अशोक पवार प्रशांत dinode गोपाल lilde
अध्यक्ष वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदेश सचिव राजस्थान प्रभारी
सभी मान्यवर पदाधिकारी, महाराष्ट्र
राष्ट्रीय संगठन श्री नारायणी सेना

# म्हाडा ने इतने फीसदी बढ़ाई घरों की कीमतें

## लॉटरी विजेताओं के उड़े होश




**मुंबई:** मुंबई और उपनगरों में आम मध्यमवर्गीय परिवार को सस्ते में घर उपलब्ध कराने का दावा करने वाली म्हाडा द्वारा बालकूम हाउसिंग प्रोजेक्ट के घरों की कीमतें 16 लाख तक बढ़ाए जाने से लॉटरी विजेताओं के होश उड़ गए हैं। म्हाडा कोंकण मंडल ने ठाणे के बालकुम में तैयार घरों के लिए वर्ष 2018 में लॉटरी निकाली थी। उल्लेखनीय है कि हाउसिंग प्रोजेक्ट में 197 घर हैं। इनमें 125 विजेताओं के साथ विशेष योजना के 69 लाभार्थियों को शामिल किया गया था। 43 लाख के फ़्लैट हुए 59 लाख हर फ़्लैट की कीमत उस समय 43 लाख तय की गई थी। वह सीधे लगभग 60 लाख तक पहुंच गई। घरों के मूल्य में सीधे 16 लाख 29 हजार 564 रुपए की वृद्धि की गई है। लाभार्थियों को 43 लाख 45 हजार 236 रुपए से 59 लाख 74 हजार 800 रुपए का ऑफर लेटर दिया गया है, जिस पर आश्चर्य व्यक्त किया जा रहा है। फ़्लैट की कीमतों में 40 प्रतिशत तक बढ़ोतरी होने से लाभार्थी परेशान हो गए हैं। सीएम से हस्तक्षेप की मांग उल्लेखनीय है कि 76 लाभार्थी तो 2005-6 में ही पात्र घोषित किए गए थे। उस समय लाभार्थियों ने तत्कालीन कीमत का 10 प्रतिशत का भुगतान किया था। बाद में आवास योजना बदली और नई योजना में उन्हें शामिल किया गया। उस समय के लाभार्थियों में से एक दीपक वायंगनकर ने कहा कि 16 साल के लंबे इंतजार के बाद घर नसीब हो रहा है, परंतु कीमत इतनी ज्यादा है कि कई लोग लोन भी नहीं ले सकेंगे। 2018 के अनुसार, 721.83 वर्ग फुट के घर के लिए 43 लाख 45 हजार 236 रुपए तय किए गए थे। सीधे 16 लाख 29 हजार रुपए का इजाफा हुआ है, जिसे लेकर मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग की गई है। लाभार्थियों ने कहा कि वे सोमवार को इस संबंध में म्हाडा अधिकारियों से मिलकर निवेदन देंगे। विजेताओं पर पानी, पार्किंग, मेट्रो उपकर भार म्हाडा की तरफ से बताया गया कि जल वाहिनी, पार्किंग, मेट्रो उपकर का भार बढ़ने से फ़्लैट की कीमतें बढ़ गई हैं।

# मंदिर गई लड़की से गैंगरेप के बाद मुंबई भाग निकले

## स्टेशन पर ट्रेन से पहले पहुंच गई पुलिस, अब तक 5 गिरफ्तार



**मध्य प्रदेश :** मध्य प्रदेश के रीवा में मंदिर गई लड़की से गैंगरेप करने वाले शैतानों पर शिवराज सिंह चौहान सरकार की सख्ती जारी है। अब इस मामले के दो अन्य आरोपियों के घर को ढहा दिया गया है। सामूहिक दुष्कर्म के मामले में मुंबई में गिरफ्तार हुए दोनों आरोपियों के नईगढ़ी में स्थित घरों को गिराने की कार्रवाई सोमवार की शाम की गई। जिला प्रशासन ने पुलिस के मौजूदगी में दोनो आरोपियों के कच्चे घरों को सब्बल और गैती से तोड़कर गिरा दिया।

इससे पहले रविवार को इस हत्याकांड के 3 आरोपियों के घरों में शिवराज मामा का बुलडोजर चलाकर उसे नेस्तेनाबूत कर दिया गया था। वहीं सोमवार की शाम इसी मामले के दो अन्य आरोपियों के घरों को भी जिला प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी में ढहा दिया गया। दोनो के घर थोड़ा अंदर थे। ऐसे में बुलडोजर जाने में दिक्कत हो रही थी। जिसके बाद दोनो के कच्चे मकान को सब्बल और गैती से तोड़कर उसे गिराने की कार्रवाई की गई।

इस गैंगरेप कांड के दो आरोपी मुंबई फरार हो गए थे। आरोपियों की तलाश में निकली पुलिस टीम उनसे पहले मुंबई पहुंच गई और रेलवे स्टेशन से निकलते ही दोनों आरोपियों को पकड़ लिया था। आरोपियों की तलाश में निकली पुलिस टीम उनसे पहले मुंबई पहुंच गई और रेलवे स्टेशन से निकलते ही दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। दोनो आरोपी लालगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। इस घटना को अंजाम देने के बाद से दोनो फरार हो गए थे। पुलिस ने साइबर सेल की मदद से उनका लोकेशन ट्रेस कियां। आरोपी ट्रेन में सवार होकर मुंबई की ओर जाते दिखे थे। पुलिस अधीक्षक नवनीत भसीन ने तत्काल टीम गठित कर मुंबई रवाना किया। रात 9:00 बजे टीम रीवा से निकली थी जो पूरी रात सफर करके रविवार को मुंबई पहुंची थी। आरोपियों की ट्रेन शाम को मुंबई पहुंची तो पुलिस पहले से उनका इंतजार कर रही थी। रेलवे स्टेशन से निकलते ही दोनों आरोपियों को पकड़ लिया गया। उनको पूछताछ के लिए रीवा लाया जा रहा है। पुलिस इन दोनों को लेकर रीवा आ चुकी है। दरअसल शनिवार को यहां के एक माता मंदिर में दोस्त के साथ दर्शन करने गई नाबालिग लड़की के साथ 6 बदमाशों ने मिलकर गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया था। उक्त घटना के बाद पुलिस ने 2 आरोपियों को शनिवार की रात में ही गिरफ्तार कर लिया था जबकि 1 आरोपी को रविवार की सुबह पकड़ा। वहीं एसपी के निर्देश पर आरोपियों की पतासाजी में लगाई गई। एक टीम ने साइबर सेल की मदद से 2 आरोपियों का मुम्बई तक पीछा किया। गैंगरेप में शामिल कुल 6 आरोपियों में से पुलिस अब तक 5 को गिरफ्तार कर चुकी है जबकि 1 आरोपी की तलाश अभी भी जारी है।

इस मामले को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। सीएम के निर्देश के बाद लगातार आरोपियों के घरों को गिराने की कार्रवाई की जा रही है। रविवार को जहां 3 आरोपियों के घरों को गिराए गए वहीं सोमवार को दो अन्य आरोपियों के घरों को गिराने की कार्रवाई की गई। अभी भी इस मामले का एक आरोपी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है।




राजस्थान निवासी सेन समाज को राष्ट्रीय दर्जा देणेवाले,समाज भूषण श्री नारायणी सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमान सुनिलजी गेहलोत इनको जन्मदिवस कोटी कोटी शुभकामनाए उदंड आयुष्य के लीए साई चरनो मे प्रार्थना.

## महाराष्ट्र में कोरोना वायरस संक्रमण के 602 नए मामले, तीन और मरीजों की मौत !



**मुंबई :** महाराष्ट्र में रविवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 602 नए मामले सामने आए और महामारी से तीन मरीजों की मौत हो गई। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि इसके साथ ही कुल मामले बढ़कर 81,15,542 हो गए और मृतकों की संख्या 1,48,310 पर पहुंच गई। राज्य में एक दिन पहले 631 मामले सामने आए थे और तीन मरीजों की मौत हो गई थी। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि मुंबई सर्कल में 239, पुणे सर्कल में 191, नागपुर में 51, नासिक में 38, कोल्हापुर में 29, औरंगाबाद में आठ तथा लातूर और अमरावती में 23-23 मामले सामने आए। विभाग ने बताया कि कोविड-19 से मुंबई में दो और रत्नागिरी जिले में एक मरीज की मौत हुई। राज्य में अभी कोविड के 4,540 मरीज उपचाराधीन हैं।

# क्या मनसे -बीजेपी का होगा गठबंधन...?



**मुंबई:** मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे इन दिनों विदर्भ के दौरे पर हैं। इसी बीच उन्होंने हाल ही में चंद्रशेखर बावनकुले से मुलाकात की। इसके बाद एक बार फिर बीजेपी-मनसे गठबंधन की बातें सामने आ रही है। अब राज ठाकरे ने इन चचाओं का सीधे एक वाक्य में जवाब दिया है। राज ठाकरे ने कहा है कि मैं ये सब खबरें मीडिया से ही सुन रहा हूं। राज ठाकरे ने कहा कि मनसे-भाजपा गठबंधन की खबरें आपकी तरफ से आ रही हैं। अपने विदर्भ दौरे के बारे में बात करते हुए राज ठाकरे ने कहा कि पिछले दो साल के लॉकडाउन के बाद प्रतिबंध हटने के बाद मैं पहली बार विदर्भ दौरे पर आया हूं। दो साल में सब कुछ शांत था। नागपुर में कुछ पेड़ की कटाई बाकी थी, कल ही हुआ। उन्होंने कहा कि नागपुर जिले के शहर में सभी पदों को समाप्त किया जा रहा है। उन्होंने राज्य में राजनीति पर बात करते हुए कहा कि अगर राजनेता इस तरह अपमान कर रहे हैं, तो लोगों को उनका सामना करने की जरूरत है। राज ठाकरे ने कहा कि अगर वे गलती कर रहे हैं और फिर भी लोग उन्हें वोट दे रहे हैं तो उन्हें कोई दिक्कत नहीं होगी। वेदांता-फॉक्सकॉन प्रोजेक्ट के गुजरात जाने के बारे में बात करते हुए राज ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र फोकस में नहीं है। यह सब कहां गलत हुआ, इस पर ध्यान देने की जरूरत है। क्या उनसे पैसे मांगे गए थे? राज ठाकरे ने कहा कि यह खोजा जाना चाहिए। उद्योग हर राज्य में महत्वपूर्ण है। लेकिन ठाकरे ने कहा है कि यह जांचना भी जरूरी है कि राज्य में उद्योग क्यों बाहर जा रहे हैं।










CMYK

# इस दिन नहीं होगी ठाणे के कुछ इलाकों में पानी की सप्लाई!



**ठाणे :** सितंबर महीने में ठाणे जिले में झमाझम बारिश हुई। जिस कारण भातसा नदी में भी कई बार बाढ़ आई। बाढ़ के पानी के साथ जैकवेल में बड़े पैमाने पर कचरा और कीचड़ जमा हो गया है। जिससे पिसे स्थित पंप के स्ट्रेन में कचरा और कीचड़ फंस गया है। जिसे साफ करने का काम आगामी बुधवार 21 सितंबर को सवेरे 9:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक शट डाउन आवश्यक है।

इस अत्यावश्यक कार्य हेतु स्टेम प्राधिकरण से ठाणे महानगरपालिका को जल आपूर्ति बाधित रहेगी।

परिणामस्वरूप शहर में जलापूर्ति की समस्या होगी। इसके साथ ही इंदिरा नगर की ओर जाने वाले 1968 मुख्य गुरुत्व जलवाहिनी के क्रॉस कनेक्शन के लिए इंदिरानगर संप से इंदिरानगर, रामनगर, श्रीनगर, लोकमान्य नगर, रुपादेवी, येऊर, डिफेन्स, विठ्ठल क्रिडा मंडळ, किसननगर भागों में बुधवार 21 सितंबर को सवेरे 9:00 बजे से गुरुवार रात्रि 9:00 बजे तक जलापूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी।

## तलवार से केक काटकर मनाया जन्मदिन, अब पुलिस ने लिया ये एक्शन!



**मुंबई :** मुंबई में एक 17 साल के लड़के ने अपना जन्मदिन मनाने के लिए अजीबो गरीब तरीका अपनाया. लड़के ने एक तलवार से कई केक काटकर जन्मदिन मनाया. इस हरकत ने लड़के के कानून के शिकंजे के दायरे में ला दिया. दरअसल, तलवार से केक काटे जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया. इसके बाद मुंबई पुलिस ने लड़के के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है. आरोपी फिलहाल फरार बताया जा रहा है. पुलिस लड़के की धरपकड़ के लिए दबिश दे रही है. सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में देखा जा रहा है कि लड़का एक तलवार से कई केट काट रहा है.

## NOTICE


It is informed to the public at large through this notice that a residential Flat bearing No. A/401, 4th Floor, Moon Light Apartment, A New Chakala Moonlight CHS Ltd., Mahakali Caves Road, Andheri (E), Mumbai – 400 093, admeasuring about 450 Sq. Ft., built up area, bearing CTS No. A 3/5, village Chakala, TalukaAndheri. The said flat was initially purchased jointly by (1) Mrs. Josephine Albert Pinto and (2) Mr. John Albert Pinto on 26th July, 1976. After the death of Mrs. Josephine Albert Pinto on 10th January, 2016, the said flat was then transferred in the sole name of Mr. John Albert Pinto and from him we, i.e. (1) Wajid Ismail Shaikh and (2) ShabinaWajidShaikh, have purchased the said flat on 31st March, 2022.

The Share Certificate No. 22 issued by the society in respect of 10 fully paid up shares of face value of Rs. 50/- each of aggregate value of Rs. 500/- distinctive Nos. 211 to 220 is in the name of said Mr. John Albert Pinto on 01st February, 2016.


This notice is issued to the public at large to inform that we have purchased the said flat on 31st March, 2022.

Dated this 20th September, 2022 at Mumbai.
(1)Wajid Ismail Shaikh &
(2) ShabinaWajid Shaikh


महाराष्ट्र शासन | स्वातंत्र्याचा अमृत महोत्सव



श्री. नरेंद्र मोदी
मा. पंतप्रधान



राष्ट्रपिता
महात्मा गांधी

राष्ट्रनेता ते राष्ट्रपिता
**सेवा पंधरवडा**
(१७ सप्टेंबर ते २ ऑक्टोबर)

नागरिकांच्या प्रलंबित अर्जांचा स्थानिक पातळीवर निपटारा करण्यासाठी
**विशेष मोहीम**





**१० सप्टेंबर पर्यंतच्या अर्जांचा निपटारा**
आपले सरकार, नागरी सेवा केंद्र व इतर वेबपोर्टलवरील प्रलंबित अर्जांचा जलदगतीने निपटारा.

**याशिवाय विविध विभागांच्या खालील १४ सेवांचा समावेश**

| | | | |
|---|---|---|---|
| १) | अतिवृष्टीग्रस्त शेतकऱ्यांना नवीन शासन निर्णयानुसार मदत निधीचे वितरण | ८) | मालमत्ता कराची आकारणी करणे व मागणी पत्र |
| २) | पंतप्रधान किसान सन्मान निधीचा प्रलंबित पात्र लाभार्थ्यांना लाभ | ९) | प्रलंबित घरगुती विद्युत जोडणीस मंजुरी |
| ३) | फेरफार नोंदींचा निपटारा | १०) | मालमत्ता हस्तांतरणानंतर विद्युत जोडणीमध्ये नवीन मालमत्ताधारकाचे नाव. |
| ४) | शिधापत्रिकांचे वितरण | ११) | बिरसा मुंडा कृषी क्रांती योजने अंतर्गत सिंचन विहिरीकरिता अनुसूचित जमातीच्या लाभार्थ्यांची ऑनलाईन नोंदणी |
| ५) | विवाह नोंदणी प्रमाणपत्र | १२) | अनुसूचित जमातीच्या लाभार्थ्यांना प्रलंबित वन हक्क पट्टे मंजूर करणे |
| ६) | मालमत्ता हस्तांतरण नोंद | १३) | दिव्यांगांना प्रमाणपत्र |
| ७) | नव्याने नळ जोडणी | १४) | नॉन क्रिमीलेअर प्रमाणपत्र |

टीप : सेवा पंधरवड्याचे आयोजन करताना ज्या भागात निवडणूक आचारसंहिता लागू असेल तेथे आचारसंहितेचे पालन करण्याबाबत आवश्यक ती कार्यवाही करावी.(सा.प्र.वि. दि. १२/९/२०२२ रोजीचे पत्र)

सेवा | कर्तव्य | साधना

श्री. एकनाथ शिंदे
मा. मुख्यमंत्री

श्री. देवेंद्र फडणवीस
मा. उपमुख्यमंत्री

माहिती व जनसंपर्क महासंचालनालय, महाराष्ट्र शासन

डीजीआयपीआर आरओसी - २०२२-२३ क्र-५/C२८६१

'कदम कदम पर' समाचार पत्र के
10वर्ष सफलतापूर्व पूर्ण होने पर
हार्दिक शुभेच्छा!
10TH ANNIVERSARY




'कदम कदम पर' समाचार पत्र के
10वर्ष सफलतापूर्व पूर्ण होने पर
हार्दिक शुभेच्छा!
10th ANNIVERSARY



अशोक गुलाब शर्मा
समाजसेवक

'कदम कदम पर' समाचार पत्र के
10वर्ष सफलतापूर्व पूर्ण होने पर
हार्दिक शुभेच्छा!
CELEBRATING 10 YEARS



राजन शर्मा
संस्थापक, पब्लिकेशन राष्ट्रीय संपर्क संदेश
(आरएसएस) कल्याण (पूर्व)
संपर्क - + 91 9920371732

'कदम कदम पर' समाचार पत्र के
10वर्ष सफलतापूर्व पूर्ण होने पर
हार्दिक शुभेच्छा!



CELEBRATING 10 YEARS
जयकिशन ठाकुर
राष्ट्रीय अध्यक्ष चार कदम वेलफेयर

'कदम कदम पर' समाचार पत्र के
10वर्ष सफलतापूर्व पूर्ण होने पर
हार्दिक शुभेच्छा!
10th ANNIVERSARY



दिनेश शर्मा
संस्था अध्यक्ष भारतीय नाई विकास कल्याण सेवा
संस्था रजि. जौनपुर

'कदम कदम पर' समाचार पत्र के
10वर्ष सफलतापूर्व पूर्ण होने पर
हार्दिक शुभेच्छा!
CELEBRATING 10 YEARS



राजेश कुमार शर्मा
भूतपूर्व बी.डी.सी. सीखड़, मिर्जापुर

'कदम कदम पर' समाचार पत्र के
10वर्ष सफलतापूर्व पूर्ण होने पर
हार्दिक शुभेच्छा!
10TH ANNIVERSARY



राकेश डी. सेमुआ
समाजसेवक

'कदम कदम पर' समाचार पत्र के
10वर्ष सफलतापूर्व पूर्ण होने पर
हार्दिक शुभेच्छा!
10th ANNIVERSARY



सतिश चंद्र गुप्ता
समाजसेवक

'कदम कदम पर' समाचार पत्र के
10वर्ष सफलतापूर्व पूर्ण होने पर
हार्दिक शुभेच्छा!
CELEBRATING 10 YEARS



जगदीश नारायण सिंह
समाजसेवक

'कदम कदम पर' समाचार पत्र के
10वर्ष सफलतापूर्व पूर्ण होने पर
हार्दिक शुभेच्छा!
10TH ANNIVERSARY



एड. बी.एम. शर्मा

'कदम कदम पर' समाचार पत्र के
10वर्ष सफलतापूर्व पूर्ण होने पर
हार्दिक शुभेच्छा!
10th ANNIVERSARY




प्रसिद्धी ठाकुर
बिल्डर्स/समाजसेवक

'कदम कदम पर' समाचार पत्र के
10वर्ष सफलतापूर्व पूर्ण होने पर
हार्दिक शुभेच्छा!
CELEBRATING 10 YEARS



एड. शिव शंकर शर्मा
चुनार, मिर्जापुर

# डॉक्टर का फर्जी इंस्टाग्राम प्रोफाइल बनाकर ठगी की कोशिश




**मुंबई :** साइबर जालसाज लोगों को ठगी के जाल में फंसाते रहते हैं. हाल ही में एक जालसाज ने बीकेसी जंबो कोविड केयर सेंटर के डीन डॉक्टर राजेश डेरे का फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाया और उसके सोशल मीडिया दोस्तों से पैसे की मांग की. धोखाधड़ी का खुलासा शुक्रवार को तब हुआ जब डेरे को ऐसे लोगों के फोन आने लगे जो जांच कर रहे थे कि क्या डॉक्टर को वास्तव में पैसे की जरूरत है. डेरे ने कहा कि ''मेरे एक पूर्व जूनियर सहयोगी, जो अब संयुक्त राज्य अमेरिका में है, ने मुझे व्हाट्सएप पर मैसेज किया और मुझसे पूछा कि क्या मुझे पैसे की जरूरत है. मैंने उसे फोन किया और पूछा कि मुझे पैसे की आवश्यकता क्यों होगी? तब मुझे एहसास हुआ कि किसी ने मेरा डुप्लिकेट अकाउंट बनाया है इंस्टाग्राम पर और मेरे रूप में पैसे की मांग कर रहा है.''

**डॉक्टर ने पता चलते ही लोगों को किया सूचित**

धोखेबाज ने इंस्टाग्राम पर डेरे के फ्रेंड्स को मैसेज किया गया और तत्काल 14,500 रुपये की मांग की. साथ ही धोखेबाज ने उन्हें आश्वासन दिया कि वह अगले दिन तक इसे वापस कर देगा. जालसाज उन्हें एक फोन नंबर भी साझा कर रहा था ताकि पैसा उसके डिजिटल वॉलेट में ट्रांसफर किया जा सके. जैसे ही धोखाधड़ी का पता चला, डेरे ने अपने दोस्तों से संपर्क किया और उनसे उक्त खाते की रिपोर्ट करने के लिए कहा ताकि इंस्टाग्राम जल्द ही इसे ब्लॉक कर दे और धोखाधड़ी के बारे में अपने इंस्टाग्राम के साथ-साथ फेसबुक पर भी अलर्ट पोस्ट कर दिया.

डेरे ने कहा, ''मैंने आगे की कार्रवाई के लिए मुंबई पुलिस को भी मामले की सूचना दी.'' पिछले साल एक जालसाज ने फेसबुक पर डेरे की फर्जी प्रोफाइल बनाकर ऐसी ही मांग की थी. इसी तरह से हाल ही में साइबर जालसाजों ने पूर्व मंत्री और शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे के साथ-साथ मुंबई के पुलिस कमिश्नर विवेक फनसालकर को बताकर लोगों से पैसे मांगने की कोशिश की थी.

# गलत साइड से ड्राइविंग के चार आरोपियों को अदालत ने किया बरी

**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने मोटर चालकों द्वारा गलत दिशा में ड्राइविंग के लिए जब से प्राथमिकी दर्ज करना शुरू किया उसके महीनों बाद अलग-अलग मामलों में बुक किए गए चार लोगों को मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत ने बरी कर दिया. अदालत ने लोगों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारा प्रक्रिया का पालन नहीं करने के कारण इन लोगों को बरी किया है. बीते मार्च में तत्कालीन नगर पुलिस आयुक्त संजय पांडेय ने विभाग को निर्देश दिया था कि गलत दिशा में गाड़ी चलाते हुए पकड़े जाने वालों सहित उल्लंघनकर्ताओं पर एफआईआर दर्ज किए जाने का आदेश दिया था. उल्लंघन करने वालों पर सिर्फ जुमार्ना भरने के बजाय भारतीय दंड संहिता या मोटर वाहन अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया जाना था.

पांडे ने फेसबुक लाइव से बातचीत में कहा था कि सड़क के गलत साइड पर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जानी है और उल्लंघन बड़े पैमाने पर हुआ है. एक दिन के भीतर, उल्लंघनकर्ताओं और एमवी अधिनियम की धारा 184 (खतरनाक तरीके से ड्राइविंग) के खिलाफ आईपीसी की तेज और लापरवाही से ड्राइविंग की धाराओं के तहत 30 से अधिक अपराध दर्ज किए गए. कम से कम चार आरोपियों के संबंध में पिछले सप्ताह जारी आदेशों में, जिन्होंने उल्लंघन के लिए दोषी नहीं होने का अनुरोध किया, अदालत ने उन्हें एमवी अधिनियम के तहत नोटिस के अनुपालन के अभाव में बरी कर दिया. अदालत ने कहा कि ''आरोपी पर मोटर वाहन अधिनियम की धारा 184 के तहत दंडनीय अपराध का भी आरोप है. हालांकि, एमवीए की धारा 184 के तहत दंडनीय अपराध को आकर्षित करने के लिए एमवीए की ही धारा 209 के तहत नोटिस अनिवार्य है. माना जाता है कि जांच अधिकारी द्वारा आरोपी को एमवीए की धारा 209 के तहत कोई नोटिस जारी नहीं किया गया था. इसलिए, एमवीए की धारा 209 के तहत नोटिस के अनुपालन के लिए और एमवीए की धारा 184 के तहत दंडनीय अपराध आकर्षित नहीं होता है.'' अदालत ने मोटर चालकों को आईपीसी की धारा 279 (तेज और लापरवाही से ड्राइविंग) के तहत यह कहते हुए बरी कर दिया कि पुलिस द्वारा कोई स्वतंत्र गवाह दर्ज नहीं किया गया था. एक मामले में मालाबार हिल पुलिस ने गलत दिशा में गाड़ी चलाने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था.



# मुंबई-अहमदाबाद हाइवे के 100 किलोमीटर लंबे हिस्से में इस साल 62 लोगों की मौत




**पालघर :** महाराष्ट्र के पालघर जिले में एक कार दुर्घटना में टाटा संस के पूर्व चेयरमैन साइरस मिस्त्री की मौत की खबर ने इस महीने की शुरूआत में देश को झकझोर कर रख दिया था. आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि यह एक बार की घटना नहीं थी. पुलिस अधिकारियों ने कहा कि ठाणे के घोडबंदर और पालघर जिले के दपचारी के बीच मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग के 100 किलोमीटर लंबे हिस्से में इस साल 262 दुर्घटनाएं हुई हैं, जिसमें कम से कम 62 लोगों की मौत हुई है और 192 लोग घायल हुए हैं. इनमें से कई घटनाओं में चालक की ओर से अधिक गति और निर्णय की त्रुटि ने भूमिका निभाई है. लेकिन अधिकारियों का कहना है कि सड़क का खराब रखरखाव, उचित संकेतों की कमी और गति पर अंकुश लगाने के उपायों की कमी भी दुर्घटनाओं की अधिक संख्या के लिए जिम्मेदार हैं.

# नवरात्र में भी मुश्किल है कैबिनेट विस्तार!

**नागपुर:** कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुंबई में कैबिनेट विस्तार को लेकर देर रात बैठक की। मंत्री पद के लिए दो महिला मंत्रियों समेत कुछ और नामों का फैसला किया गया। हालांकि सूत्र ने संकेत दिया कि खाते को लेकर असहमति थी। इसलिए नवरात्र में भी कैबिनेट का विस्तार मुश्किल है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के शपथ लेने के 39 दिन बाद मंत्रिमंडल का विस्तार किया गया। 9 अगस्त को 18 मंत्रियों ने शपथ ली थी। इस शपथ ग्रहण समारोह के चालीस दिन भी आज पूरे हो गए। कैबिनेट विस्तार में बीजेपी के 9 मंत्री और शिंदे समूह के 9 मंत्री शामिल थे। शिंदे समूह के कुछ लोगों ने इसमें शामिल न होने पर खुलकर नाराजगी जताई थी।

असंतुष्टों को अगले विस्तार में मंत्री पद का वादा किया गया था। इतना ही नहीं सितंबर में विस्तार की बात कही गई थी। उसके बाद पितृपक्ष की वजह से नवरात्रि में मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चा शुरू हो गई। सूत्र ने बताया कि पिछले सप्ताह मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के बीच कैबिनेट विस्तार को लेकर रात दो बजे तक बैठक हुई थी। इस बैठक में शिंदे समूह और भाजपा के कुछ विधायकों के नामों पर चर्चा हुई।











es









# अशोक पवार अध्यक्ष महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन



**पत्रकारिता के क्षेत्र में दस वर्ष कदम कदम बढ़ा कर यश के शिखर पर बढ़ते कदम कदम पर के दशक पूर्ति पर हार्दिक शुभकामनाएं बधाई एवं अभिनंदन।।**

**आज के स्पर्धा युग में मुंबई में अखबार चलाना, और जनप्रिय होना यहीं अपने कदम कदम पर की कामयाबी हैं,**

**बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं अभिनंदन।।**

**आदरणीय श्री शमार्जी की पुरी टीम को बधाई एवं धन्यवाद।।**

**अशोक पवार प्रशांत**

dinode **गोपाल** lilde

**अध्यक्ष**

**वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदेश सचिव**

**राजस्थान प्रभारी**

**सभी मान्यवर पदाधिकारी, महाराष्ट्र प्रदेश**

**राष्ट्रीय संगठन श्री नारायणी सेना**

**संपादक**
**श्री छोटे लाल शर्मा जी,**

मैं शुरूआत से ही कदम कदम पर का नियमित पाठक रहा हूं। हिंदी साप्ताहिक विचारों से प्रेरित लेख इसकी सबसे बड़ी खूबी है। 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हिंदी साप्ताहिक कदम कदम पर की पूरी टीम को शुभकामनाएं।



**-सत्यदेव वर्मा**
**अर्चना मंडप डेकोरेटर्स,**
**कांदिवली मुंबई**
**मो.नं.:8779557249**

परिश्रम के पसीने से जब सफलता की फसल खिलती है, तब किसी एक से नहीं पूरे जमाने से बधाइयां मिलती हैं।

आदरणीय प्रधान संपादक श्री छोटे लाल शर्मा, अखबार हिंदी साप्ताहिक कदम कदम पर के 10 वर्ष पूर्ण होने की ढेरों शुभकामनाएं।



**अमित श्रीवास्तव**
**संस्थापक अध्यक्ष,**
**भारतीय जनाधार पार्टी**
**मोबाइल नं.-**
**+91 96757 87376**

**प्रधान संपादक श्री छोटे लाल शर्मा जी**
**सादर प्रणाम स्वीकार करें!**



हिंदी साप्ताहिक कदम कदम पर हमारा मंच जिसने सदैव हमारी आवाज को बुलंद किया है। गांव, नगर, शहर और समाज के सरोकारों से जुड़े रहने वाला उसकी सफलता के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में मेरी तरफ से दिली मुबारकबाद देता हूं।

**-सत्यनारायण सेन,**
**पूर्व सभासद पार्षद हमीरपुर, उत्तर प्रदेश**
**मोबाइल नं. ७91 99190 90905**

## मंगल कामनाएं एवम शुभेच्छा

यह अत्यंत ही हर्ष और प्रसन्नता का विषय है कि मुंबई , महाराष्ट्र से प्रकाशित होने वाला प्रतिष्ठित हिंदी साप्ताहिक 'कदम कदम पर' अपना गौरवशाली 10 वर्ष पूर्ण कर रहा है और इसी के परिप्रेक्ष्य में 19 सितंबर 2022 को इसका एक विशेषांक प्रकाशित हो रहा है। यह समाचार-पत्र मात्र मुंबई ही नहीं अपितु सम्पूर्ण उत्तर भारत - विशेषकर पूर्वी उत्तर-प्रदेश को अपने में सदैव से समाहित किये रहा है तथा प्रमुख समाचारों से अपने पाठकों को अवगत कराता चला आ रहा है। निश्चित रुप से यह हम सब के लिए गौरव का क्षण है जब हम सब इस विशेषांक के साक्षी बनेंगे। इस शुभ अवसर पर मैं साप्ताहिक 'कदम कदम पर' के प्रधान संपादक आदरणीय श्री छोटेलाल शर्मा जी , प्रबंध संपादक माननीय अनिल शर्मा जी के साथ ही इससे जुड़े समस्त संपादक मंडल तथा प्रतिनिधियों को कोटिशः बधाई देते हुए स्वर्णिम एवं निरापद भविष्य के लिए मंगल कामना करता हूं ।

**आपका साथी**
**आदित्य नारायण सेन**
**पूर्व प्रदेश अध्यक्ष**
**ऑल इण्डिया महापद्मनंद कम्युनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन, उत्तर- प्रदेश। छबीलेपुर,मनौरी**
**प्रयागराज-212208**
**मो0 नं0 9807762152**

# हिंदी साप्ताहिक कदम कदम पर के स्वर्णिम 10 वर्ष



**राजन शर्मा**
**सितंबर 19, 2022**

आज से ठीक एक दशक पहले समाचार कदम कदम पर का मुंबई से प्रकाशन महज एक साप्ताहिक पत्र का विस्तार नहीं था अपितु सामाजिक सरोकार जनहित के उद्देश्य की गई एक पहल थी। जिसको अमलीजामा पहनाया अखबार के मालिक, मुद्रक, प्रकाशक एवं प्रधान संपादक श्री छोटे लाल शर्मा जी ने और यहीं से शुरू हुआ हिंदी साप्ताहिक कदम कदम पर का स्वर्णिम युग।

प्रधान संपादक छोटे लाल जी को 10 वर्ष की स्वर्णिम यात्रा के कुछ सुनहरे पलों पर प्रकाश डालने के लिए इसरार किया तो उन्होंने मजरुह सुलतानपुरी का शेर कहा-

'मैं अकेला ही चला था जानिब-ए मंजिल मगर,
लोग साथ आते गए और कारवां बनता गया'

अखबार के यहां तक के कामयाब कृतज्ञता का श्रेय उन्होंने पाठकों, शुभचिंतकों और विज्ञापनदाताओं को दिया। उन्होंने बताया उनके पाठकों ने कदम कदम परिवार के जज्बे को बरकरार रखा। हर उतार-चढ़ाव में साथ खड़े रहे और कभी मनोबल गिरने नहीं दिया। आज हजारों की संख्या में कदम कदम के रजिस्टर्ड पाठक और आजीवन सदस्य हैं। कदम कदम पर अपने पाठकों के विचारों और उनके पक्ष को अखबार के पन्नों पर जगह देता है। छोटे-बड़े कार्यक्रमों की तस्वीरें प्रकाशित कर अपने पाठकों और शुभचिंतकों का मनोबल बढ़ाता है। यही कारण है कि आज कदम कदम अपने पाठकों की आवाज बनकर उभरा है।

प्रधान संपादक ने बताया अखबार में खेलकूद, अर्थव्यवस्था, भ्रमित और साम्प्रदायिकता को भड़काने वाली खबरों का अभाव रहता है परन्तु ज्ञान कौशल, सामाजिक सरोकार, एहतियात और विचार अखबार के पन्नों पर स्पष्ट दिखता है।

यह कहना गलत ना होगा आज हिंदी साप्ताहिक कदम कदम पर सामाजिक सरोकार को नया आयाम दे रहा है। कदम कदम आज भी उन्हीं सरोकारों पर कायम है जिसे लेकर उसने अपनी शुरूआत की थी।

कदम कदम परिवार समाचार पत्र के 10 स्वर्णिम वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में अपने पाठकों शुभचिंतकों को मुबारकबाद देता है।




## स्नेहयुक्त शुभकामना संदेश

**प्रधान संपादक,**
**श्री छोटे लाल शर्मा जी!**

'हिंदी साप्ताहिक कदम कदम पर' जो मुंबई के उपनगर से प्रकाशित होता है, जिनके विचारों से समाज में अपना 10 वर्ष पूर्ण करने पे हृदय से अभिनंदन, बधाई देता हूं और ऐसे ये परिवार हमेशा प्रसन्निचित रहे, यही कामनाओं सहित शुभकामना संदेश की प्रेषित है।

आप है तो हम है

शुभकामनाओं सहित,

**नवीन शर्मा**
**अभिनेता,**
**भारतीय सिनेमा**

**प्रधान संपादक**
**श्री छोटे लाल शर्मा जी सादर प्रणाम!**

मैं हिंदी साप्ताहिक कदम कदम पर का नियमित पाठक हूं। सामाजिक सरोकार से लबालब प्रेरणात्मक एडिटोरियल खबरों की सच्चाई और गंभीरता इसे अलग स्थान देता है। 10 वर्ष पूर्ण करना एक बड़ी उपलब्धि है। मैं इस बड़ी उपलब्धि के लिए कदम कदम परिवार की पूरी टीम को हृदय से शुभकामनाएं देता हूं।



**- बृजेश श्रीवास**
**सामाजिक कार्यकर्ता**
**मो. नं.-9820623708**

**सेवा में**
**श्री छोटे लाल शर्मा जी**
**प्रधान संपादक, कदम कदम पर**

मैं शुरू से हिंदी साप्ताहिक कदम कदम पर का नियमित पाठक हूं। यह तटस्थ, बेबाक, अनुशासित और सामाजिक सरोकार से प्रेरित अखबार है। अखबार को 10 वर्ष पूर्ण होने के मौके पर मैं कदम-कदम परिवार को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।



**-गौरव नंद सविता**
**वरिष्ठ नेता, बसपा (उ. प्र.)**
संपर्क :+91 96547 75275
+91 91199 95607

**संपादक**
**श्री छोटे लाल शर्मा जी,**

हिंदी साप्ताहिक कदम कदम पर जन समस्याओं और पाठकों के विचारों को रखने के लिए जाना जाता है। इस पथ पर आप सदा अग्रसर रहें इन्हीं शुभकामनाओं के साथ 10 वर्ष पूर्ण होने की ढेरों बधाइयां।



**- राजेन्द्र केजरीवाल**
**सामाजिक कार्यकर्ता**

**मंगल कामनाएं एवम शुभेच्छा**

यह अत्यंत ही हर्ष और प्रसन्नता का विषय है कि मुंबई, महाराष्ट्र से प्रकाशित होने वाला प्रतिष्ठित हिंदी साप्ताहिक 'कदम कदम पर' अपना गौरवशाली 10 वर्ष पूर्ण कर रहा है और इसी के परिप्रेक्ष्य में 19 सितंबर 2022 को इसका एक विशेषांक प्रकाशित हो रहा है । यह समाचार- पत्र मात्र मुंबई ही नहीं अपितु सम्पूर्ण उत्तर भारत - विशेषकर पूर्वी उत्तर- प्रदेश को अपने में सदैव से समाहित किये रहा है तथा प्रमुख समाचारों से अपने पाठकों को अवगत कराता चला आ रहा है। निश्चित रुप से यह हम सब के लिए गौरव का क्षण है जब हम सब इस विशेषांक के साक्षी बनेंगे । इस शुभ अवसर पर मैं साप्ताहिक 'कदम कदम पर' के प्रधान संपादक आदरणीय श्री छोटेलाल शर्मा जी , प्रबंध संपादक माननीय अनिल शर्मा जी के साथ ही इससे जुड़े समस्त संपादक मंडल तथा प्रतिनिधियों को कोटिशः बधाई देते हुए स्वर्णिम एवं निरापद भविष्य के लिए मंगल कामना करता हूं ।



**आपका साथी,**
**आदित्य नारायण सेन (पूर्व प्रदेश अध्यक्ष)**
**ऑल इण्डिया महापद्मनंद कम्युनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन, उत्तर - प्रदेश छबीलेपुर, मनौरी, प्रयागराज-212208**
**मो0 नं0 9807762152**



**सुनील जगन्नाथ श्रीवास्तव**
**सामाजिक कार्यकर्ता**

कदम -कदम पर साप्ताहिक समाचार पत्र के प्रधान संपादक आदरणीय श्री छोटे लाल शर्मा जी को इसकी दसवीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं कृते।

**सुनील श्रीवास्तव**
**सामाजिक कार्यकर्ता,**
**कल्याण ( पश्चिम)**
**मो. नं.-+91 99698 74766**
**+91 98214 64146**

**प्रधान संपादक,**
**श्री छोटे लाल शर्मा जी**

सप्रेम नमस्कार स्वीकार करें!

पिछले एक दशक से हिंदी सप्ताहिक कदम कदम पर का मुंबई उपनगर कांजूरमार्ग स्थित मुख्यालय सामाजिक सरोकार का अड्डा रहा विचारों से प्रेरित अखबार ने पाठकों के बीच अपनी एक अलग जगह बनाई।

साधारण प्रधान कार्यालय में बैठकर प्रधान संपादक आदरणीय श्री छोटे लाल शर्मा जी छोटी बड़ी खबरों को पन्नों में विस्तार देकर संपादकीय से अखबार की क्लोजिंग कर प्रेस से प्रिंटिंग होकर एक अखबार कदम कदम पर का रूप लेकर 10 वर्षों से नियमित समय पर हम पाठकों के बीच आ रहा है। इसका श्रेय प्रधान संपादक श्री छोटे लाल शर्मा जी को जाता है। एक दशक की इस लंबी यात्रा में कदम कदम परिवार ने कई उतार-चढ़ाव के बावजूद प्रिंट मीडिया में अपने पाठकों के बीच पहले से अधिक मजबूत होकर सामने आया । आने वाले दिनों में कदम कदम अखबार समाज में सुंदर विचारों से उजाला फैलाएं इन्हीं कामनाओं के साथ कृतार्थ 10 वर्ष पूर्ण करने की कदम कदम पर की पूरी टीम को ढेरों शुभकामनाएं।

धन्यवाद



**- रामजीत वर्मा**
**(उपाध्यक्ष-अखिल भारतीय सविता महासंघ)**

**आदरणीय प्रधान संपादक,**
**श्री छोटे लाल शर्मा जी!**

पिछले एक दशक से हमारा हिंदी साप्ताहिक




कदम कदम पर अपने विचारों से समाज को आईना दिखाने का काम कर रहा है। आने वाले दिनों में प्रगति के नए आयाम स्थापित करें ऐसी कामना करती हूं। निर्विघ्न 10 वर्ष के सफल प्रकाशन पर कदम कदम पर की पूरी टीम को हमारी हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई.! धन्यवाद

**सौ.मीना सुनील श्रीवास्तव**
**महिला जिला उपाध्यक्ष**
**कल्याण शहर भारतीय जनता पार्टी**
**मोबाइल नं.-+91 99698 74766**

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com